आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 27.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने लिटिल अंडमान का दौरा कर सेवाओं का आंकलन किया।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट यूजी दो हजार चौबीस के लिए संशोधित परिणाम जारी किया।
- सांसद बिष्णु पद रे ने नई दिल्ली में ग्रह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर आर्थिक रूप से कमज़ोर अन्य पिछड़ा वर्ग के बचे हुए लोगों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए पुनः सर्वेक्षण कराने का अनुरोध किया है।
- दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से लिटिल अंडमान में कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान और अनीमिया मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई है।
- मायाबंदर के नेताजी खेल परिसर में डी सी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने एस डी एम विनायक चमाडिया के साथ लिटिल अंडमान के आर के पुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा किया और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आंकलन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाओं विशेषकर ओंगी जनजाति वार्ड की समीक्षा की। डायलिसिस यूनिट को पूरी तरह से चालू करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता देने और इसमें तेज़ी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। ज़िला उपायुक्त ने कल डुगांग क्रीक में ओंगी बस्ती का दौरा किया और ओंगी विशेषरूप से कमज़ोर जनजातिय समूह और सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत की और ओंगी जनजातियों के कल्याण के बारे में पूछताछ की तथा उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने स्कूल और विभिन्न अन्य बुनियादी ढ़ांचे का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र के छात्रों, शिक्षकों, अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति की टीम, उप केंद्र के कर्मचारियों, पुलिस अधिकारियों से बातचीत की।

लिटिल अंडमान दौरे के दौरान जिला उपायुक्त ने क्षेत्र के पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, स्थानीय विभागाध्यक्षों और आम जनता के साथ बैठक की तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पंचायत प्रमुख एस परमानाथन ने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए ने कल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी के लिए संशोधित फाइनल स्कोरकार्ड जारी किया। जो उम्मीदवार नीट के लिए उपस्थित हुए थे, वे अपने परिणाम और स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट questions.nta.ac.in और neet.ntaonline.in पर देख सकते हैं। परीक्षा एजेंसी ने घोषणा की  है कि सत्रह उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक प्राप्त की है। चौबीस लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा के दौरान जिन एक हजार पांच सौ तिरसठ उम्मीदवारों को समय का नुकसान हुआ था, उनके लिए तेईस जून को फिर से परीक्षा आयोजित की गई थी।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने हाल ही में नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने गृह मंत्री को एक पत्र सौंपा, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर, अन्य पिछड़ा वर्ग के बचे हुए लोगों को भी इस श्रेणी में शामिल करने के लिए पुनःसर्वेक्षण कराने का अनुरोध किया। श्री रे ने कहा कि द्वीपसमूह में विभिन्न वर्गों और समूह के लोग स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं और इनमें से कई लोग आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं। सांसद ने कहा कि ओ बी सी का वर्गीकरण किए जाते समय कई अन्य बचे हुए लोगों को भी इसमें शामिल करने की मांग की गई थी ताकि इन्हें भी समान अवसर मिल सकें। इनमें पूर्व सैनिक, मलयाली और रांची विस्थापितों के अलावा श्रीलंकन तमिल विस्थापित भी शामिल है। सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कराए जाने से लोगों की सही पहचान हो पाएगी और उन्हें भी सरकार की विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से लिटिल अंडमान में कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान और अनीमिया मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हटबे के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा और एस डी एम विनायक चमाड़िया ने इसका उद्घाटन किया। कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान में आवश्यक पोषण सामग्रियों के जरिए कुपोषण पर काबू पाया जा सकेगा और इससे स्वास्थ्य देखभाल में और सुधार आएगा। अनीमिया मुक्त ज़िला अभियान के जरिए गर्भवती महिलाओं में अनीमिया को कम करने में मदद मिलेगी। दक्षिण अंडमान ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी और अनिम्स के संयुक्त प्रयासों के जरिए विशेषज्ञों द्वारा अभियान के दौरान व्यापक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराया जाएगा। इन दो कार्यक्रमों के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हटबे में बाल प्रजनक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। उद्घाटन अवसर पर ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने इस समस्या के निवारण के लिए सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गैर सरकारी संगठनों, व्यक्तिगत लोगों और अन्य से आगे आने तथा कुपोषित और अनीमिया से ग्रसित महिलाओं को पोषण सामग्रियों का वितरण कर सहयोग देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ज़िले में समान स्वास्थ्य देखभाल देने के लिए ज़िला प्रशासन प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने में स्वास्थ्य विभाग तथा अनिम्स के पेशेवर तथा विशेषज्ञों की सेवाएं अति महत्वपूर्ण है।

<><><><><><><>

मायाबंदर के नेताजी खेल परिसर में डी सी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कल इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने में लाभ मिलेगा। पन्द्रह अगस्त तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में द्वीपसमूह के विभिन्न भागों से कुल पन्द्रह टीमें भाग ले रही है।

उधर, पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में लडकों के चौदह वर्ष आयु वर्ग में कल कुल पांच मैच खेले गए। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में खेले गए मैचों में स्कूल लाईन स्कूल, निर्मला और केन्द्रीय विद्यालय नम्बर–एक की टीमें विजयी रही। भातुबस्ती स्कूल मैदान में खेले गए मैचों में एन सी एस और सेंट मेरीज़ की टीम ने अपने–अपने प्रतिद्वंदियों को मात दी।

<><><><><><><>

बिजली विभाग को छह मेगावाट उर्जा उत्पत्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है। एक कम्पनी की ओर से संचालित पांच मेगावाट उर्जा संयंत्र के बंद हो जाने के कारण ये स्थिति उत्पन्न हुई है। नए अनुबंध को शुरू करने तथा बिजली आपूर्ति में कमी को दूर करने के लिए एक अन्य कम्पनी द्वारा दस मेगावाट बिजली संयंत्र को किराए पर लिया जा रहा है। वर्तमान स्थिति से निपटने के लिए विद्युत विभाग को पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के क्षेत्रों में पैंतालीस मिनट की बारी–बारी से लोड शेडिंग करनी पड़ रही है और इसके लिए सारणी जारी की गई है, जो अगले दस दिनों तक या अगली सूचना तक जारी रहेगी। ये सारणी अस्थाई है।

<><><><><><><>

बैंगलुरू में आई आई टी एम ट्रैवल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पुद्दुचेरी के पर्यटन मंत्री के लक्ष्मीनारायणन ने किया। इस प्रदर्शनी में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह सहित देश के विभिन्न राज्यों के हितधारकों के साथ पर्यटन विभाग भी हिस्सा ले रहा है। ओटो के ओर से इस प्रदर्शनी में ब्रैंड अंडमान को बढ़ावा देने के लिए भाग लिया जा रहा है ताकि द्वीपसमूह में देश और विदेश के पर्यटक आ सके। ओटो की ओर से नई दिल्ली और गांधीनगर में आयोजित होने वाले आगामी प्रमुख पर्यटन प्रदर्शनी और व्यापार मेले में भी भाग लिया जाएगा।

<><><><><><><>